हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 सितंबर 2025

04 खेल दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम



07 जैन मंदिर एवं तारण तरण चैत्यालय में पयूर्षण पर्व ...





## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश का पहला राउंड आज

**विदिशा।** जिले की सभी 7 शासकीय आईटीआई संस्थानों 1 से 10 सितंबर तक पहले आओ पहले पाओ की घोषणा की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी https://mpiticounseling.co.in/ पोर्टल के माध्यम से पंजीयन एवं चॉइस फिल कर अपनी पसंदीदा संस्था एवं व्यवसाय में प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया में इस बार फीस दो किस्तों में जमा करने की सुविधा भी दी गई है। पहली किस्त 3250 रुपए ऑनलाइन जमा करनी होगी तथा दूसरी किस्त 2840 रुपए दिसंबर माह में आईटीआई में जमा करनी होगी।

### वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता 2026 के पंजीयन जारी

**विदिशा।** राज्य मे मध्यप्रदेश स्किल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 63 प्रकार के विभिन्न स्किलों में कौशल प्रतियोगिता का आयोजन पंजीयन के आधार पर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। वर्ष 2024 मे यह प्रतियोगिता लियोन फ्रांस में आयोजित की गई एवं आगामी प्रतियोगिता सितंबर 2026 में शंघाई चीन में आयोजित होना निर्धारित है। (www.skillindiadigital.gov.in) पर 22 जुलाई से निशुल्क पंजीयन प्रक्रिया जारी है जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर है। पंजीयन पूर्णतः निशुल्क हैं एवं इस प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। आयु सीमा 16 से 22 वर्ष एवं कुछ स्किल्स में 25 वर्ष है।

### बुजुर्गों और दिव्यांगों को कराया स्वल्पाहार





**विदिशा।** शिक्षा विभाग की गौ सेवा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने राधा अष्टमी पर बुजुर्गों को और दिव्यांगों की सेवा की। शिक्षक अरविंद अवस्थी, वीरेंद्र सोनी, झलकन सिंह, खुशीलाल चौकसे, उमेश ताम्रकार, लल्लू सिंह, अनिल दीवान, दिनेश गुप्ता,मनोज शर्मा, कमल सिंह, शालिक राम, पम्प पम्प पांडे, भूपेंद्र सिंह रघुवंशी,राम नारायण ओर नवीन, भूपत किरार ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को स्वल्पाहार कराया। समिति निरंतर कार्य कर रही गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, नर सेवा नारायण सेवा, परिवार एवं महापुरुष की जन्मतिथि पुण्यतिथि पर सेवा कार्य करती है।

### मृत्यु भोज समाप्त करने लिया निर्णय

**ग्यारसपुर।** संजय कुशवाह के मंजिले भाई स्वर्गीय गोपाल सिंह कुशवाह का आकस्मिक निधन 19 अगस्त को मानोरा के प्रसिद्ध जगदीश स्वामी मंदिर में हुआ था। उनके गंगा पूजन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 31 अगस्त को किया गया। इस दौरान समाज में प्रचलित मृत्यु भोज की परंपरा को समाप्त कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित करने और तेरहवां ब्राह्मणों , कन्याओं एवं नजदीकी रिश्तेदारों को भोजन कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही तेरहवीं व अन्य भोज संबंधी कार्यक्रमों को बंद करने पर सहमति बनी। इसके अलावा, सड़क दुर्घटना में मवेशी की मृत्यु होने पर दोषी व्यक्ति को नर्मदा या गंगा स्नान के उपरांत छोटे स्तर पर गंगा पूजन और कन्या भोज करने का नियम तय किया गया।

### पत्रकार सुरक्षा को लेकर सीएम को लिखा पत्र

**हैदरगढ़।** मप्र में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंता जताई गई है। हाल ही में राजगढ़ जिले के कुरावर में पत्रकार मनोज मेवाड़ा पर हुए जानलेवा हमले के बाद जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मप्र की ग्यारसपुर इकाई ने हैदरगढ़ थाना प्रभारी को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई है।

# 364 दिन बाद 35 घंटे के लिए खुले राधारानी मंदिर के पट, हजारों श्रद्धालु पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रविवार को राधाष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। नंदवाना स्थित प्राचीन राधारानी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। परंपरा के अनुसार सालभर गुप्त पूजा के बाद सिर्फ राधाष्टमी के दिन ही मंदिर के पट खोले जाते हैं। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में राधारानी के दर्शन के लिए आतुर दिखाई दिए। मंदिर के पट खुलते ही भक्तों ने 'राधे-राधे' के जयकारे लगाए। आरती और भजन-कीर्तन के साथ दर्शन शुरू हुए। भक्त मंडप में बैठकर दर्शन की प्रतीक्षा करते रहे और दर्शन पाकर झूम उठे।

### औरंगजेब काल से जुड़ी है परंपरा

जानकारी के अनुसार औरंगजेब के समय जब वृंदावन के मंदिरों पर हमला हुआ, तब वल्लभीय सम्प्रदाय के संत मूर्तियां लेकर पलायन कर विदिशा पहुंचे थे। पहले मूर्तियां को खुले में रखा गया और बाद में हवेली में स्थापित किया गया। तभी से यहां सालभर गुप्त पूजा होती है और सिर्फ राधाष्टमी पर पट आम भक्तों के लिए खोले जाते हैं।

### पालना दर्शन व संगीत आज

मंदिर पुजारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि बरसाना के बाद देश का सबसे प्राचीन राधारानी मंदिर विदिशा में है। राधाष्टमी और उसके दूसरे दिन पालना दर्शन होते हैं। इसके बाद संगीत कार्यक्रम में राधारानी की बधाई गाई जाती है। शयन आरती के बाद मंदिर के पट फिर एक साल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

### 12 हजार पूरियों का भोग लगाया

इधर राधिकाकुंज मंदिर में राधाष्टमी के अवसर पर 12 हजार पूड़ियों का प्रसाद अर्पित किया गया, जो शाम तक पूर्ण रूप से समाप्त हो गया। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि हजारों की संख्या में भक्त राधिकाकुंज पहुंचे। भक्तों ने भजन-कीर्तन कर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

## एम्बुलेंस नहीं आई, स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला, सड़क पर हो गई डिलीवरी

# प्रसूता की जान से खेलने की सजा सिर्फ 8 दिन का वेतन कटा और कारण बताओ नोटिस दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शमशाबाद में सड़क पर महिला की डिलीवरी के अत्यंत गंभीर मामले में भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को बचाने में जुटे हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा होने जैसा गंभीर मामला उजागर होने के बाद भी सिर्फ कर्मचारियों का वेतन काटने और सिर्फ कारण बताओ नोटिस देने की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई यह दर्शाती है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौतों का इंतजार है।

जब किसी प्रसूता या मरीज की इलाज न मिलने से मौत होगी तभी कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अन्यथा सिर्फ नोटिस देने और वेतन काटने भर की कार्रवाई का दिखावा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अधिनस्थ कर्मचारियों को इसी तरह से बचाते रहेंगे। जैसे इस प्रकरण में बचाया जा रहा है। ग्राम गेंदाबर्री निवासी ममता बंजारा पति छगन बंजारा को प्रसव पीड़ा के दौरान 30 अगस्त की रात्रि में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा जागीर लाया गया था।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला डाला था। जिसके बाद परिजन उसे शमशाबाद लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही महिला की डिलीवरी हो गई। घटना के बाद ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर नीतू सिंह राय ने एक आदेश जारी किया। जिसमें कहा गया है कि गर्भवती महिला को सुरक्षित अस्पताल नहीं पहुंचाने एवं स्टाफ नर्स की अनुपस्थिति में एएनएम द्वारा अस्पताल में ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने से रास्ते में प्रसव हुआ। जो स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल करता है। शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर एएनएम प्रेमा बिष्ट और आशा कार्यकर्ता कालापाठा प्रियंका चौकसे का 8-8 दिवस का वेतन तत्काल प्रभाव से काटा जाए।

### मां - नवजात बच्ची को लोडिंग से अस्पताल पहुंचाया



**विदिशा।** डिलीवरी के बाद सड़क पर खड़ी महिला को संभालते हुए परिजन।

### कारण बताओ नोटिस जारी कर की इतिश्री

रात के समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा जागीर में ताला लटका था। जिसके कारण गर्भवती महिला व उनके परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ा और रास्ते में ही प्रसव हो गया। लापरवाही बरतने व चिकित्सालय में ताला लगा पाए जाने पर स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ फार्मासिस्ट डॉक्टर विजय सिंह ठाकुर, मुकेश आर्य, नर्सिंग ऑफिसर प्रीति बुनकर को सिर्फ कारण बाताओ नोटिस जारी किया गया है।

### ताला लगाने वालों को सिर्फ नोटिस, छोटे कर्मचारियों पर गाज

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा जागीर में ताला लटकाने वाले लापरवाह कर्मचारी फार्मासिस्ट डॉक्टर विजय सिंह ठाकुर, मुकेश आर्य, नर्सिंग ऑफिसर प्रीति बुनकर को बीएमओ नीतू सिंह राय ने सिर्फ कारण बाताओ नोटिस जारी कर बचाने का काम किया है। यदि स्वास्थ्य केंद्र में यह कर्मचारी होते तो महिला की सड़क पर डिलीवरी न होती। गंभीर मामला होने के बाद भी कठोर कार्रवाई नहीं की गई।

इस गंभीर मामले के बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकर लगाई है। साथ ही पूरे जिले में एक साथ जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## वात्सल्य स्कूल में मंच पर नन्हे-मुन्ने बच्चों की धूम



**विदिशा।** वात्सल्य में प्रस्तुति देते बच्चे।





हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

वात्सल्य स्कूल में गणपति महोत्सव के पांचवे दिन विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, धार्मिक, देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियां दीं।

नन्हें-मुन्नों बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों व पालकों को भाव-विभोर कर दिया। नन्हें-मुन्नों बच्चों के मस्ती भरे व भोलेपन प्रदर्शन ने सभी के मन को छू लिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों को देखकर सभी अतिथियों ने तालियां बजाते हुए बच्चों के प्रति अपनी खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, पूर्व विधायक सुनील जैन सागर, घनश्याम बंसल, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. प्रवीण कोहली, डॉ . जीके माहेश्वरी, डॉ. राजीव जैन, डॉ. स्वेता पियूष श्रीवास्तव, डॉ. जेएस जादौन, डॉ. प्रतिभा जादौन मौजूद थे। अंत में संस्था प्रमुख देवना अरोरा, नम्रता अरोरा ने सभी अतिथियों का आभार माना।

## 100 कारों का काफिला के साथ निकाली रैली 15 नवंबर को देवास में होगा राष्ट्रीय महाकुंभ

### करणी सेना का मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

क्षत्रिय करणी सेना का मिलन समारोह आयोजित किया गया। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा और महिला प्रदेश अध्यक्ष मनजीत कीर्तिराज सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। बाढ़ वाले गणेश मंदिर से रैली का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित रैली में डीजे के साथ लगभग 100 कारों का काफिला शामिल था। यह रैली विवेकानंद चौराहा, बसस्टैंड, नीमताल और ओवर ब्रिज होते हुए महाराणा प्रताप चौराहा तक पहुंची। इंदल सिंह राणा ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### करणी सेना के राष्ट्रीय महाकुंभ की जानकारी दी





जालोरी गार्डन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इंदल सिंह राणा ने कहा कि करणी सेना विभिन्न गुटों में होने के बावजूद देशहित के लिए काम करती है। उन्होंने 15 नवंबर को देवास में होने वाले राष्ट्र स्तरीय महाकुंभ की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के लिए प्रदेश के सभी जिलों और तहसीलों में करणी सैनिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। उदय सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री अजय सिंह राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष आशु सिंह, राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सेंगर समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। रायसेन, सागर, दमोह, भोपाल, सीहोर, देवास, बासौदा, ग्यारसपुर, सिरोंज, लटेरी और नटेरन से करणी सैनिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

## विधायक ने दिव्यांग युवक को दी व्हीलचेयर व आर्थिक सहायता दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भेंसवाया निवासी युवक सौरभ विश्वकर्मा कुछ समय पूर्व एक भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था, जिसमें उसके दोनों पैर कट जाने से वह विकलांग हो गया।

इस दर्दनाक हादसे के बाद से ही सौरभ और उसका परिवार गहरे दुख व आर्थिक संकट से जूझ रहा था।



ऐसे कठिन समय में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने रविवार को सौरभ को एक व्हीलचेयर और 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात से प्रेरणा लेकर वह सदैव जरूरतमंदों की मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं। विधायक ने सौरभ की आजीवन शिक्षा की व्यवस्था कराने का भी भरोसा दिलाया। कार्यालय पर आयोजित इस भेंट के दौरान सौरभ ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए एक भजन प्रस्तुत किया।

## उन्नत कृषि तकनीक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**नटेरन।** जनपद पंचायत नटेरन में इफको एवं कृषि विभाग के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम एवं उन्नत कृषि तकनीक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को वर्चुअली प्रोजेक्टर के माध्यम से सुना। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि के यशपाल रघुवंशी के द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए कहा सभी लोग पेड़ जरूर लगाएं। प्रधानमंत्री के अभियान एक पेड़ मां के नाम को आगे बढ़ाएं। किसानों को इफको से उपलब्ध आम, नींबू, जामफल और नीम के पौधे वितरित किए। इफको कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी प्रवीण बिरला के द्वारा नैनो उर्वरकों के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उर्वरकों के सही उपयोग के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके बाद प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। मृदा परीक्षण कराने की सलाह सभी उपस्थित किसानों को दी गई। उन्होंने बताया गया की अपने नटेरन विकासखंड में ही मृदा परीक्षण प्रयोगशाला संचालित है। परीक्षण रिपोर्ट भी जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जा रही है। इसके बाद किसानों पौधे वितरत किए गए।

### सुप्रसिद्ध गायक स्व. मुकेश की पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम

### शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में कार्यक्रम हुआ

# ओ जाने वाले हो सके तो लौट के आना

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सुप्रसिद्ध गायक स्व. मुकेश की पुण्यतिथि पर कायस्थ समाज के लोगों ने उन्हे याद कर श्रद्धांजलि दी। शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर के लालबहादुर शास्त्री सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर समाज के करीब 45 लोगों ने मुकेश के नगमे गाकर उन्हे याद किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्योति वर्मा, प्रदीप सक्सेना, अभिनय वर्मा, लक्ष्मी बक्शी एवं सभा के सदस्यों द्वारा किया गया। विदिशा, भोपाल, रायसेन एवं बासौदा के गायकों ने अपने गीतों के माध्यम से गायक स्वर्गीय मुकेश एवं समाज की दिवंगत पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। अमित श्रीवास्तव ने जीना यहां मरना यहां, सुरभी ने इक प्यार का नगमा है, सचिन श्रीवास्तव दीवानों से ये मत पूछो, सुनील श्रीवास्तव हम दोनों मिल के, कागज से दिल के, अनुपम जौहरी मेरी तमन्नाओं की तकदीर तुम सवार लो, सपना श्रीवास्तव ने मेरा प्यार भी तू है, ये बहार भी तू है, लक्ष्मी बक्शी ने हम सफर मेरे हम सफर, प्रकाश श्रीवास्तव चंदन सा बदन, चंचल चितवन, अंजू सक्सेना ने दिल की नजर से नजरों की दिल से, राम मोहन सिन्हा जिन्हें हम भूलना चाहें गीत गाकर स्व. मुकेश माथुर को श्रद्धांजलि अर्पित की।



**विदिशा।** गायकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए अतिथि।

### धर्मशाला निर्माण के लिए एक लाख की राशि दी

विजय श्रीवास्तव की स्मृति में एक लाख रुपए की राशि धर्मशाला निर्माण के लिए दान दी गई। स्व. अनिल खरे की प्रथम पुण्य स्मृति के अवसर पर उनके परिवार ने 50 कुर्सियां दान कीं। दो एडजस्ट फैन एवं नगद राशि अनुराग श्रीवास्तव द्वारा दान दिए गए। अंत में सभी गायकों को स्वरांजलि सम्मान एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉक्टर नेहा श्रीवास्तव द्वारा म्यूजिकल अरेंजमेंट अतुल जोहरी द्वारा किया गया। समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने आभार माना।

## खबर संक्षेप

### भजन संगीत आयोजित



**गंजबासौदा।** रविवार को श्री राधा रानी के प्राकट्योत्सव राधा अष्टमी के पावन पर्व पर यादव समाज संगठन की मातृशक्ति माताओं बहनों द्वारा यादव समाज धर्मशाला में आयोजित श्रीराधा कृष्ण पूजन भजन संगीत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अन्य महिलाओं ने सहभागिता की।

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत कंपनी द्वारा रविवार को राजेन्द्र नगर फीडर पर मेंटेनेंस कार्य होने के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। जिसके कारण राजेंद्र नगर सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में बिजली बंद रहा। जिससे यहां के उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### शिव मंदिर में हुई चोरी

**गंजबासौदा।** पुरानी मंडी परिसर में बने शिव मंदिर की दान पेटी चोर तोड़कर रुपए ले गए। जिसकी शिकायत पुजारी ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुबह जब पुजारी पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, तब दान पेटी टूटी मिली। उसमें रखी राशि गायब थी। जांच में पता चला कि मंदिर के पीछे लकड़ी का गेट तोड़कर चोर अंदर घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कृषि उपज मंडी समिति के नए परिसर में शिफ्ट होने के बाद भी मंदिर में व्यापारी और आसपास के लोग नियमित दर्शन के लिए आते हैं। दान पेटी पिछले तीन साल से नहीं खोली गई थी। यह पेटी व्यापारियों की मौजूदगी में ही खोली जाती है।

### विशाल नेत्र शिविर आज

**गंजबासौदा।** नेत्र शिवर नागरिक सेवा समिति एवं सिंधी समाज के तत्वावधान में स्वर्गीय भगवान दास बलेचा एवं उनकी पत्नी स्वर्गीय कमला देवी बलेचा की स्मृति में 1 सितंबर सोमवार को विशाल नेत्र शिवर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर भोपाल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। नेत्र शिवर नागरिक सेवा समिति ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नेत्र शिवर का लाभ लेने की अपील की है। शिविर सुबह 10 बजे से हितकारिणी धर्मशाला रेलवे स्टेशन के पास संचालित होगा।

### भगवान पुष्पदंत स्वामी के मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

# आचार्य विद्यासागर गोशाला में हुआ शांतिनाथ महामंडल विधान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य श्री विद्यासागर गोशाला में स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सामूहिक शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से संचालित गौशाला में शांति विधान के पूर्व नवाचार्य समय सागर महाराज के निर्देशन में नगर में विराजमान निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज ससंघ का मंगल आशीर्वाद गौ शाला संचालकों ने प्राप्त किया। दोपहर 1:30 बजे से मंगलाष्टक के साथ अभिषेक एवं शांतिधारा प्रारंभ हुई। प्रथम कलश से शांतिधारा करने का सौभाग्य राजेश कुमार, दीपक कुमार, शिवकुमार बरबाई वाला परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं दूसरे कलश से शांतिधारा करने का सौभाग्य भागचंद उमेश कुमार, पुनीत कुमार जैना ऑक्सीजन परिवार को प्राप्त हुआ। शांतिधारा के उपरांत विनय पाठ के साथ संगीतमय पूजन प्रारंभ हुई वहीं पूजन के मध्य भगवान पुष्पदंत स्वामी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक निर्वाण लाडू चढ़ाया। वहीं निर्वाण लाडू के उपरांत श्री शांतिनाथ महामंडल विधान प्रारंभ हुआ। शांतिनाथ महामंडल विधान में विश्व में शांति की भावना के साथ भगवान को अर्घ समर्पित किए। शांति विधान के उपरांत विश्व शांति महायज्ञ किया गया। गौशाला पहुंचे श्रद्धालुओं ने धार्मिक क्रियाओं के साथ गौवंशो को हरा चारा एवं सब्जी खिलाई गई। इस अवसर पर जैन समाज की महिला, पुरुष, युवत, युवतियां, बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यहां उल्लेखनीय है कि पर्युषण पर्व के चलते नगर के जैन समाज द्वारा महावीर विहार सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# नगर में निकाली शोभायात्रा के दौरान नपाध्यक्ष ने की पूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को भगवान वासुदेव और शिव की प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, यात्रा स्वरूप नगर रेलवे फाटक से शुरू हुई। यह त्योंदा रोड, जयस्तंम चौक और सिटी मार्ग होते हुए राजेंद्र नगर स्थित श्री रामदेव बाबा मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा में पंडित हरि नारायण पाठक मौजूद रहे। यात्रा में आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। डीजे की धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। महिलाओं ने भक्ति भजन गाए। शोभायात्रा का नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित नगर के मुख्य मार्गों पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। मंदिर के संस्थापक पंडित हरि नारायण पाठक ने बताया कि भगवान वासुदेव और शिव की प्रतिमाएं राजस्थान से लाई गई हैं। दोनों प्रतिमाएं श्रीधाम बासौदा दरबार, राजेंद्र नगर रोड स्थित मंदिर परिसर में स्थापित की जाएंगी। प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा नवंबर में की जाएगी। इस अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन होगा। साथ ही कथा का भी आयोजन किया जाएगा। प्रदेश भर से लोगों के कथा में शामिल होने की संभावना है। मंदिर में इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, खेलों के महत्व के बारे में अवगत कराया




**गंजबासौदा।** शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतिम दिन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता से पूर्व क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा खेलों में विभिन्न रोजगार के अवसर के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और खेलों के महत्व के बारे में समझाया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधे यादव, द्वितीय स्थान अनामिका उपाध्याय एवं तृतीय स्थान राजनंदनी मिश्रा को दिया गया। सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रथम दिन संगोष्ठी के आयोजन उपरांत महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी मैच का आयोजन किया गया था। राष्ट्रीय खेल दिवस के दूसरे दिन की शुरुआत रैली निकाल कर की गई एवं उसके बाद विभिन्न गतिविधियां जैसे बैडमिंटन, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, साथ ही अंतिम दिन उपस्थित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने फिट इंडिया मूवमेंट की शपथ भी ली।

# खेल दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां कराई गई। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर हर्ष उल्लास के साथ क्रीडा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि अनामिका प्रजापति प्राचार्य सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय का पुष्पगुच्छ से क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रद्न्या करंदीकर द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों हेतु स्वागत सत्कार किया गया। इसके बाद आकृति राजपूत बीकॉम तृतीय वर्ष द्वारा फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सुहाना महोबिया की छात्रा ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से संबंधित प्रेरणास पद घटनाओं एवं बातों को सभी के सम्मुख प्रस्तुत किया, साथ ही रुचि शर्मा ने मेजर ध्यानचंद का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। अन्य स्टॉफ द्वारा भी खेल विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉक्टर अनामिका प्रजापति द्वारा विद्यार्थियों को नियमित फिटनेस करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने खेलों में सहभागिता को बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों का आव्हन किया। विद्यार्थियों के लिए रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत अनुराधा राजपूत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रागिनी राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं सुरभि कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन साहिब पठान ने किया। रविवार को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत कैरम, शतरंज व बैडमिंटन खेलों की फ्रेंडली मैच कराए गए एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

स्पोर्टस एस कैरियर ऑप्शन विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें रोशनी शुक्ला बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साक्षी ठाकुर बीएससी प्रथम वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं रुचि शर्मा ने प्रथम वर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रीडा विभाग द्वारा कैरियर ऑप्शन इन स्पोर्टस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता क्रीड़ा अधिकारी डॉ प्रद्न्या द्वारा खेलों को करियर ऑप्शन के रूप में चुनने के लिए खेलों से संबंधित विभिन्न करियर ऑप्शंस के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से आप एक खिलाड़ी, कोच, शिक्षक, ट्रेनर, व्यापारी बन सकते हैं साथ ही फिजियोथैरेपिस्ट स्पोर्ट्ससाइकोलॉजिस्ट, स्पोर्ट्स जनरलिज्म स्पोर्ट्स मैनेजमेंट इत्यादि विधाओं में पारंगत होकर सफलता हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में अनुराग जैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

समापन समारोह में योग अभ्यास किए गए जिसमें योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया गया। योगासनों में विशेषता मोटापे कम करने एवं मोटापे से होने वाले रोगों से संबंधित आसान किए गए। प्राणायाम एवं ओमकार ध्यान का अभ्यास भी किया गया। छात्राओं ने बैडमिंटन फ्रेंडली मैच खेलकर सहभागिता की। डॉ प्रद्न्या करंदीकर ने मोटापे के कारण, मोटापे के उपचार, उपाय बताए।

# खेल स्वास्थ्य के लिए जरूरी विषय पर प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन रविवार को खेल स्वास्थ के लिए जरूरी विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही शतरंज और बैडमिंटन खेल की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर बीईओ परता अहिरवार, बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी प्राचार्य एमसी शर्मा ने विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन से किया। बैडमिंटन बालक वर्ग में राधेमोहन राय एवं बालिका वर्ग में संजना कुशवाह तथा शतरंज में गौतम अहिरवार विजेता रहे। इसी प्रकार वाद विवाद में राधिका शर्मा एवं अमित विश्वकर्मा विजेता रहे। खेल की सभी प्रतियोगिता विकासखंड खेल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तथा बाद विवाद की प्रतियोगिता एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा के द्वारा सम्पन्न कराई गई।

कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को बीईओ परता अहिरवार, बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी एवं प्राचार्य एमसीशर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा। इसी के साथ तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन किया गया।

### कटुता और नफरत फैलाई जा रही है, प्रेम और समझदारी से दूर करना है-कादरी



**गंजबासौदा।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच अखिल भारतीय मुस्लिम महासम्मेलन 27 सितंबर को देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित करेगा। इस महासम्मेलन में देशभर से हजारों लोगों की भागीदारी अपेक्षित है, जिसमें सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रमुख चेहरे शामिल होंगे। इसकी तैयारी को लेकर महासंपर्क अभियान व बैठक पूरे देश मे जारी है। इसी के तहत नगर में गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई। नगर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने सभी कार्यकर्ताओं को समाज में एकता, अखंडता, भाईचारा, मेल मिलाप और सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी समाज में कटुता और नफरत फैलाई जा रही है, उसे प्रेम और समझदारी से दूर करना ही मंच का उद्देश्य है।

### वार्ड क्रमांक 14 स्थित प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका हुई सेवानिवृत्त

# सेवानिवृत्ति पर बच्चों के बीच भावुक हुई शिक्षिका




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कर्तव्यनिष्ठा सेवा व समर्पण क्या होता है यह गत दिवस इंद्रानगर वार्ड 14 के प्राथमिक स्कूल में देखने को मिला। जहां स्कूल की प्रधान अध्यापिका रामरती देवी दुबे का सेवा निवृत्ति का समारोह आयोजित था। स्कूल के लिए सेवा और समर्पण इस आयोजन में साक्षात देखने को मिला। सेवा निवृति के अवसर पर शिक्षिका भावुक हो गई उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं क्या कहूं, मेरे लिए तो मेरा विद्यालय ही सबकुछ है। मैंने विद्यालय को सेवा के रूप में जिया है, मैने अपने सिद्धांतों को जिया है। मेरी इस पूरी सेवा की यात्रा में मुझे मेरे पूरे सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिला है। सेवा निवृति के समय स्कूल का वातावरण इतना भावुक था कि प्रधान अध्यापिका तो भावुक हुई ही उनके साथ विद्यालय के सभी शिक्षक, बस्ती के नागरिक भी भावुक हो गए और विद्यालय के छोटे छोटे बच्चे भी फूट फूट कर रो पड़े, जिन्हें प्रधान अध्यापिका दुबे ने गले लगाया और चुप कराते हुए कहा कि रोइए मत बच्चों, मैं आपको मिलने स्कूल आती रहूंगी। सेवा निवृति कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। भव्य कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संदेश मिश्रा ने किया। मिश्रा ने सम्मान पत्र का वाचन किया कार्यक्रम को दुबे के पुत्र गगन दुबे, मगन दुबे, स्वाति दुबे, वार्ड 14 की पार्षद संतोषी जितेंद्र मैना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का आभार विद्यालय की शिक्षिका हेमलता ने किया। शिक्षक संदेश मिश्रा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि दुबे मेरी मार्गदर्शिका रही हैं। जब में हितकारिणी धर्मशाला में शिक्षक था उस समय आप कन्या मंडी स्कूल में शिक्षिका थी। आपका स्नेह व आशीर्वाद मुझे सदा मिलता रहा है। सेवा निवृति के अवसर पर रामरती दुबे का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह व फूल मालाओं से सम्मान हुआ भावुक विदाई के पल में स्कूल में अध्यनरत 61 के 61 बच्चे फूट फूट कर रोते दिखाई दिए। बहुत कम ऐसे अवसर दिखते हैं जहां किसी शासकीय शिक्षक की विदाई का पल इतना भावुक हो जाए। इस अवसर पर दुबे का पूरा परिवार उपस्थित था जो उन्हें ढोल बाजों के साथ अपने घर ले गया।

### नगर में हुई झमाझम बारिश

**गंजबासौदा।** रविवार को दोपहर बाद नगर में अचानक से झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया जो लगभग 2 घण्टों तक चलता रहा। जिससे नगर की सड़कें पानी से भर गईं। वहीं नदी, नालों सहित पारासरी नदी का जल स्तर बढ़ गया। नगर सहित आसपास के क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। क्योंकि खरीफ फसलों को बारिश की आवश्यकता है। अभी तक इलाके में 857.5 मिमी बारिश हो चुकी है, वहीं इलाके की औसत बारिश 1 हजार मिमी से अधिक है। इस लिहाज से अभी औसत तक पहुंचने के लिए इलाके में और भी बारिश की जरूरत है। हांलाकि अभी तक हुई बारिश फसलों के लिए राहतकारी रही है। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में अच्छी बारिश के साथ ही सितंबर माह में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं।

# सेंट एसआरएस में सेमीनार का आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में एनएसएस के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलों के विकास को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11 व 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने खेलों के विकास में व्यक्तिगत खिलाड़ी या सरकार की भूमिका पर विचार रखे। जहां पक्ष के छात्रों ने कहा कि खेलों का विकास व्यक्ति की रुचि पर निर्भर करता है, जिसमें सरकार की भूमिका गौण होती है।

आज की पीढ़ी खेलों में रुचि नहीं ले रही है, जिसके कारण केन्या जैसे देश खेलों में नाम कमा रहे हैं, जबकि डेढ़ अरब का देश कभी-कभार खेलों में दिखता है। खेलों की सुविधाएं होने के बाद भी खेलों में रुचि न होने के कारण स्टेडियम खाली पड़े रहते हैं। इससे पता चलता है कि युवक अपनी ऊर्जा कैरियर पर फोकस कर रहे हैं। मेजर ध्यानचंद सुविधाओं से वंचित होने के बावजूद विश्व के श्रेष्ठ खिलाड़ी बन सके। वहीं कुछ छात्रों ने विपक्ष में बोलते हुए बताया कि बिना सरकारी सुविधाओं और प्रोत्साहन के सभी खेलों में अच्छे खिलाड़ी मिलना असंभव है। आजादी के बाद सरकार द्वारा खेलों पर सुविधाएं बढ़ाई गईं, तो नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ी ओलम्पिक सहित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे हैं। इस अवसर पर खेल अधिकारी कपिल गौड़ ने बच्चों को समझाया कि यदि आपको अच्छा खिलाड़ी बनना है तो आपको खेलने मैदान में उतरना होगा। आज की पीढ़ी मोबाइल पर केण्डीक्रेश खिलाड़ी बनना चाहती है तो गलती कर रही है। खिलाड़ी बनने के लिए मैदान पर पसीना बहाना पड़ता है। प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने मेजर ध्यानचंद के जीवनवृत पर प्रकाश डाला। आभार बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता ने माना। कार्यक्रम की भूमिका बालक इकाई प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान ने रखी। इस दौरान गजेन्द्र सिंह दांगी, प्रियंका अग्रवाल, दिनकर कद्रे, पुष्पेन्द्र आदि मौजूद थे।

नेमा समाज ने सुबह निकाली प्रभात फेरी, दोपहर में निकला भव्य चल समारोह

# शहर में राधाअष्टमी पर निकला भव्य चल समारोह, मंदिर में हुए विभिन्न आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में नेमा समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बडे ही हर्षउल्लास के साथ राधाअष्टमी महोत्सव मनाया गया। नेमा समाज द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो राधाकुण्ड पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान आकर्षक रूप से की गई विमान की साज सज्जा नागरिको को लुभा रही थी। नेमा समाज द्वारा रविवार को प्रातः लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः सरकार के दरबार पहुंचकर सम्पन्न हुई। प्रभात फेरी में श्रद्धालु राधा रानी के भजनों की धुन पर संगीतमय कीर्तन करते हुए कतारबद्ध रूप से चल रहे थे।

### निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

दोपहर 1 बजे के आसपास नगर के कठाली बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर से राधारानी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में राधी रानी का रथ आकर्षक रूप से सजाया गया। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए राधाकुण्ड पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान राधारानी की रथ यात्रा की अगवानी विभिन्न बाजयंत्रों द्वारा की जा रही थी। सैंकड़ो की संख्या में उपस्थित युवा भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। साथ ही दूसरे चरण में भक्त डांडिया नृत्य में मनमुग्ध होकर चल रहे थे तो वही तीसरे चरण में नन्हीं-मुन्नी बालिकाए अपने सिर पर आकर्षक रूप से सजे हुए कलश लेकर चल रहीं थी। सैंकड़ो की संख्या में समाजजन राधारानी के रथ को हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। वही राधारानी की रथ यात्रा का नगर वासियों ने पग-पग पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। साथ ही नगर वासियों द्वारा राधा रानी की जगह-जगह आरती उतारी गई। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने ऐतिहासिक स्वागत किया।

### दिन भर हुए विभिन्न आयोजन

राधा निकुंज धाम राधाकुण्ड पर विशेष पूजा अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया गया। तत्पश्चात प्रतिवर्ष की भांती विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नेमा समाज द्वारा राधाकुण्ड पर सजाई गई मनमोहक झांकी आकर्षक का केन्द्र बनी रही। रविवार को दिन भर राधी रानी के दर्शनों के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। वही समाजजनों ने बताया कि आज राधा रानी के निकुंज धाम पर छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राधे रानी, गणपति के विग्रह के करकमलों से नपा ने कराया नवनिर्मित सीसी सड़क एवं स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ

## नपा ने बनाई सड़क, विमान में बैठी राधेरानी की शोभायात्रा से किया लोकार्पण





**सिरोंज।** यूं तो आमतौर पर नेता मंत्री विधायक के हाथों किसी शासकीय निर्माण कार्य का लोकार्पण करते देखा जाता हैं परंतु रविवार को सिरोंज में राधाष्टमी के अवसर पर पहली बार किसी नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण स्वयं राधे रानी सरकार के विग्रह ने किया और इस अनूठे आयोजन के साक्षी सभी जनप्रतिनिधिगण समाजसेवी एवं आयोजनकर्ता नेमा समाज बनी। इसके साथ ही पंचकुईया से लेकर काशीघाट तक डिवाइडर लगाकर तैयार हुई स्ट्रीट लाइट का भी लोकार्पण किया गया। राधाष्टमी के मौके पर नेमा समाज द्वारा नगर में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से राधा कुंड तक शोभायात्रा निकाली जाती है जो कि रावजी पथ से होकर जाने वाले इस शोभायात्रा मार्ग में केथन नदी किनारे का कुछ हिस्सा बिना सड़क का हुआ करता था। जिससे श्रद्धालुओं के साथ नियमित आवागमन करने वालों को परेशानी होती थी। बारिश के मौसम में यह समस्या ओर बढ़ जाती थी। तो वही रानी वाले कुएं से कंजी वाले कुएं तक बनकर तैयार हुई इस सड़क का लोकार्पण करने के लिए नपा ने विशेष तैयारी की थी। इस पूरी तैयार सड़क पर आकर्षक रंगोली बनाकर दुल्हन की तरह सजाकर लाल रिबिन बांधकर रखा गया था। शाम चार बजे गाजे बजे के साथ नेमा समाज की माता बहनों पुरुषों के साथ ढोल बाजों व हर्षोल्लास के साथ जब राधारानी का विमान यहां पहुंचा तो नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने पार्षदों के साथ राधा रानी का पूजा अर्चना की। इसके उपरांत विमान के साथ चल रहे पुजारी ने कैंची से रिबिन काटकर इस सड़क को जनता को समर्पित किया। इसके बाद यह विमान इस नवनिर्मित सड़क से ही होकर निकला। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों विधायक उमाकांत शर्मा ने निरीक्षण के दौरान नपा प्रबंधन को यह सड़क राधाष्टमी से पूर्व तैयार करवाने के निर्देश प्रदान किए थे। नपा ने विगत तीन दिन पहले युद्ध स्तर पर इस सड़क का निर्माण प्रारंभ कराया था और मात्र दो दिन में रानी वाले कुएं से कंजी वाले कुएं तक की लगभग 5 लाख रु की लागत से पक्की सीसी सड़क बना डाली। राधाष्टमी पर्व पर ही लोकार्पण पर विधायक उमाकांत शर्मा से कराने का निर्णय नपा परिषद ने लेते हुए आग्रह किया था परन्तु विधायक उमाकांत शर्मा ने परिषद को निर्देश दिए कि राधारानी हमारी आराध्य देवी है उनकी प्रेरणा से ही जनहित के लाभार्थ इस सड़क का निर्माण हुआ है। तो उनके विग्रह के समक्ष ही उनके करकमलों से इस सड़क का लोकार्पण कार्य कराया जाए। नपा के इस अनूठे प्रयास को सदस्यों एवं नागरिकों ने सराहते हुए विधायक शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### *साढ़े 22 लाख से तैयार स्ट्रीट लाइट समर्पित*

*रविवार को सीसी सड़क के लोकार्पण के साथ विगत दिनों विधायक उमाकांत शर्मा के विशेष प्रयासों से नगर पालिका परिषद द्वारा तैयार कराई गई स्ट्रीट लाइट का भी लोकार्पण किया गया। करीब साढ़े बाइस लाख की लागत से पंचकुईया घाट से काशी घाट तक लगभग एक किलोमीटर सड़क के डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट के पोल लग जाने से यह मार्ग अब दूधिया रोशनी से जगमगन होने लगा है। अब लोग देर रात में भी इस सड़क पर बगैर किसी अवरोध के आवागमन कर सकेंगे। क्योंकि इस सड़क पर शहर के काफी संख्या में माता बहिनें एवं पुरुष सुबह शाम टहलने आते हैं।*

स्वच्छता कार्यक्रम में नपा सक्रिय

## संपूर्ण नगर के प्रत्येक वार्ड में साफ-सफाई अभियान चालू



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर पालिका परिषद द्वारा घर-घर तिरंगा घर घर स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्ण नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक वार्ड की सड़कों एवं नालियों की साफ सफाई कर निकला हुआ कचरा एवं मालवा मैजिक गाड़ी एवं ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से टेनचिंग ग्राउंड पर फेंका जा रहा है । सफाई अभियान अंतर्गत शनिवार को वार्ड क्रमांक 15 में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड की विशेष साफ सफाई कराई गई एवं एकत्रित कचरे को नगर सिरोंज से बाहर स्थित टेनचिंग ग्राउंड पर डाला गया। उक्त सफाई अभियान प्रत्येक वार्ड में चलाया जा रहा है सफाई अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू,वार्ड पार्षद इमरान खान,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीना के साथ-साथ नगर पालिका का अमला उपस्थित रहा। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष व सीएमओ ने समस्त वार्ड प्रभारी वार्ड वासियों से अपील की है कि वार्ड की साफ सफाई बनाए रखें एवं गीले एवं सूखे कचरे को एकत्रित कर निकाय के कचरा वाहन में डालें। सफाई अंतर्गत आगामी दिनों में सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाया जाएगा।




### श्रीराधा अष्टमी की शोभायात्रा का किया स्वागत

**सागर।** श्रीराधा जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर श्रीराधा अष्टमी के पर श्री गौर गोविंद मंदिर रविशंकर वार्ड से विशाल शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गयी,जिसमें सम्मिलित अद्भुत झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शहर के ह्रदय स्थल तीनबत्ती पर कांग्रेस शहर सेवादल परिवार द्वारा शोभायात्रा का भव्य और पूर्ण भक्ति भाव से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सम्मिलित भक्त जनों पर पुष्प वर्षा कर,झांकियों मे विराजमान देवी देवताओं पर पुष्प माला पहनाई गयी,राधे राधे के उद्बोधन से संपूर्ण वातावरण राधामय हो गया। स्वागत कर्ताओं में कांग्रेस सेवादल परिवार से प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी, शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, डॉ आशिक अली, राजेश उपाध्याय, बृजेन्द्र नगरिया, नितिन पचौरी, राजू ठाकुर,गब्बर पठान, लल्ला यादव, अन्नू घोषी, तरूण सैनी,राजीव अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी और उमस के बीच आसमान में घने वर्षा वाले बादलों का बना डेरा

## शाम को हुई हल्की बारिश से मौसम हुआ ठंडा, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



भादौ के महिना में क्वार के महिना जैसी तपिस धूप, गर्मी और भारी उमस के बीच रविवार को आसमान में घने बादल छाने से मौसम बदला। शाम को नगर एवं क्षेत्र में कही हल्की कही तेज बारिश से नर्मदा क्षेत्र के निवासी और हजारों किसान बडी राहत महसूस करने लगे।

जिस प्रकार आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ है। उससे लोगों में अब जोरदार बारिश होने की उम्मीद बनी हुई है।

### गर्मी-उमस से मिली राहत

पिछले अनेक दिनों से दिन और रात का तापमान बढने के साथ तेज धूप, गर्मी और पसीना बहा देने वाली उमस से लोग परेशान बने हुए थे। गर्मी, धूप के कारण धान की फसलें प्रभावित होने के साथ धान के खेतों में भरा पानी तेजी से सूख रहा था।

बारिश होने से मौसम में ठंडक आने के साथ सूख रही धान फसलों को एक समान प्राकृतिक बारिश का पानी मिलने से फसलों की बिगड रही स्थिति कुछ ठीक होगी। बारिश से मौसम और हवाओं में ठंडक घुल जाने से लोग भारी राहत महसूस करने लगे, जोरदार बारिश होने की उम्मीद जाग उठी है।

## मीट मार्केट से हटकर संचालित हो रही मांस बेचने की दुकानें

बिगड़ रहा माहौल, दुकानें बंद कराने की नागरिकों ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




नगर की सब्जी मंडी के बगल में ही वर्षो से मछली मीट बैंचने की दुकानें संचालित हो रही है। नपं. द्वारा स्थान निश्चित किए जाने के बाद भी मंडी मस्जिद के पास जैन मंदिर रोड पर मीट बैंचने की दुकानें संचालित होने से माहौल खराब, गंदगी और फैलने वाली बदबू, मच्छरों, मक्खियों से मोहल्ले के निवासी और मार्ग पर आने-जाने वाले परेशान बने रहते है। दुकानों को हटाने बंद करने की मांग जोर पकड रही है।

वर्तमान में जैन समाज के पर्यूषण पर्व, श्री गणेशोत्सव चल रहा है। जब नगर में सब्जी मंडी के पास मीट मार्केट निश्चित है। तब उससे अलग आम रास्तें पर मीट की दुकान क्यों संचालित हो रही है। इसके अलावा नगर के अनेक स्थानों पर मीट बैंचने वाली दुकानें परेशानी का कारण बनता है।

मीट मछली बैंचने के लिए नियमों का पालन करते हुए लायसेंस लेना भी जरूरी है। कितने मांस मछली विक्रेताओं के पास लायसेंस है, और नियमों का पालन करते हुए दुकानों का संचालन किया जा रहा है। जांच और कार्यवाही का विषय बना हुआ है।

## वृद्ध मां है गंभीर बीमार, पुत्र जितेंद्र ने की आत्महत्या

**बरेली।** नगर की गणेश कालौनी में रहने वाले जितेंद्र राजपूत उर्फ संग्राम 45 वर्ष ने ग्राम धनाश्री के पास पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक स्वराज ट्रेक्टर शोरूम पर नौकरी करता था। मृतक की माँ लक्ष्मी बाई पिछले 4 माह से कोमा में और गंभीर बीमार है। देखभाल की जिम्मेदारी मृतक पुत्र पर ही थी।

मृतक जितेंद्र उर्फ संग्राम दोपहर में घर वालों से खेत जाने का कह कर गया, परंतु शाम तक घर नहीं आया। फोन भी नहीं उठाने पर मृतक की पुत्री ने परिवार वालों को बताया। परिजन ट्रेक्टर शोरूम पहुंचे तो उन्होंने बताया कि दोपहर दो बजे बाइक से चले गए। मोबाइल की लोकेशन के आधार पर मृतक धनाश्री गांव के पास वेयर हाउस पहुंचे। हाइवे सर्विस रोड के किनारे बाइक खडी मिली और कुछ दूरी पर पेड से रस्सी के द्वारा शव लटका हुआ मिला। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

बच्चों ने दी नृत्य नाटक की प्रस्तुतियां

## सेवा भारती के संस्कार केंद्रों का हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

रविवार को नगर में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ जिसमें संस्कार केंद्रों से आए 150 से अधिक बच्चों की सहभागिता रही। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने राष्ट्रीयता से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर, संस्कारों की आवश्यकता संबंधी समूह नृत्य, नाटक, लघुनाटक गीतों की प्रस्तुतियों से उपस्थितों का मनमोह लिया। अतिथि श्रवण पटेल गडरवास, पवन रघुवंशी, डॉ. एसपी सिंह ओजस अस्पताल ने अपने संबोधन में सेवा भारती द्वारा किए जा रहे शिक्षा संस्कारों की सराहना की।

कार्यक्रम में अवनीश पालीवाल, राजेश साहू, चंद्रभान कुशवाहा, राजेश भार्गव, विभाग समन्वयक अमन सिंघई, बीएस किरार, राजकुमार ठाकुर, दिलीप शर्मा, दिलीप राठौर, सुभाष भार्गव के साथ संस्कार केन्द्रों बच्चें और दीदियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अवध नारायण सक्सेना ने किया।

## जैन मंदिर एवं तारण तरण चैत्यालय में पयूर्षण पर्व पर हो रहे कार्यक्रम

जैन समाज के परिवार दस लक्षण पर्व मनाने सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर के चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर एवं बड़ा बाजार स्थित तारण तरण चैत्यालय में पयूर्षण पर्व मनाने प्रत्येक परिवार सक्रिय उत्साहित बना हुआ है। इसी के साथ चैनपुर रोड पर नवनिर्मित जैन मंदिर में भी पयूर्षण पर्व पर कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

पयूर्षण पर्व के दौरान जैन समाज के परिवारों द्वारा दस लक्षण का पालन कर आत्म शुद्धि का प्रयास किया जा रहा है।

जीन मोहल्ला स्थित भगवान श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः से जैन समाज के नर-नारियों की भारी उपस्थिति में मंगलाष्टक, शांतिधारा, पूजन, अभिषेक के कार्यक्रमों के साथ विशेष संगीतमयी आरती, नयन और प्रवचनों का भी आयोजन हो रहा है। शाम को महाआरती में भारी संख्या में जैन समाज के नर-नारी भाग ले रहे है।



### तारण चैत्यालय में विधि पूजन

बड़ा बाजार स्थित तारण तरण चैत्यालय में सुबह से ही तारण तरण समाज परिवारों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ प्रवचनों की श्रंखला बनी हुई है। चैत्यालय में नृत्य, संगीतमयी महाआरती का प्रतिदिन भव्य आयोजन होने के साथ तारण समाज के लोग 10 लक्षणों के द्वारा आत्म चिंतन मनन और जैन से जिन बनाने की साधना तप में लीन बने हुए है।

सड़कों पर चलने वाली 100 से अधिक बसों की सूची नहीं सार्वजनिक

## किराए को लेकर हो रहे विवाद, माहौल खराब

◆ बरेली से पिपरिया जा रही बसों का सबसे अधिक किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




पिछले कुछ दिनों से बस स्टेण्ड पर यात्री किराये को लेकर बहस और माहौल खराब बना हुआ है। दो यात्री बस संचालकों के बीच स्पर्धा में किराया आधा कर दिए जाने से जहॉ यात्रियों को आर्थिक लाभ हो रहा है। वही अन्य यात्री बसें में किराये को लेकर बहस बातचीत, मोलभाव का माहौल बना हुआ है।

बरेली से पिपरिया की दूरी मात्र 40 कि.मी. होने के बाद किराया 60 रू. वसूले जाने से यात्रियों में असंतोष का माहौल बना नजर आ रहा है। विभिन्न मार्गो पर जाने आने वाली 100 से अधिक यात्री बसें बस स्टेण्ड पर रूकती है। स्थानों की दूरी और किराया दर सूची का न तो यात्री बसों में और न ही बस स्टेण्ड पर सूची सार्वजनिक न किए जाने से किराया राशि वसूली में कभी भी घटना होने की संभावना बनी रहती है।

मिली जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग द्वारा भोपाल से जबलपुर, बरेली से भोपाल या अन्य स्थानों के लिए एक स दूसरी यात्री बस के बीच 10-15 मिनिट के अंतर से परमिट जारी कर दिए गए है। समय की कमी के कारण एक ट्रेवल कंपनी और दूसरी कंपनी के बीच यात्रियों को लेकर स्पर्धा शुरू हो गई। नतीजा यह हुआ कि एक कंपनी ने मोबाइल पर किराया सूची डाल कर किराया आधा कर दिया। बरेली से भोपाल का किराया वर्षो से 160रू. वसूला जा रहा था। अब 80 रू. किराये में यात्रा सुविधा मिलने लगी।

इसस यात्रियों को तो आर्थिक लाभ होने लगा परंतु अन्य यात्री बसों, विभिन्न मार्गो पर चलने वाली यात्री बसों को लेकर किराये में मोलभाव, कम किराये को लेकर विवाद की स्थिति और माहौल खराब होने की प्रतिदिन स्थिति बन रही है।

### किराया सूची का नहीं प्रकाशन

बस स्टेण्ड पर बसों में यात्री को राशि वसूल कर टिकिट थमाये जाने की परंपरा बनी हुई है। इसी के साथ बरेली से विभिन्न मार्गो पर चलने वाली यात्री बसों की दूरी और उसका किराया सूची का प्रदर्शन न तो यात्री बसों में और न ही बस स्टेण्ड पर किया जा रहा है। बरेली से भोपाल, जबलपुर, पिपरिया, सिलवानी, बेगमगंज, सागर, गाडरवारा, नरसिंहपुर, रायसेन, विदिशा मार्गो पर 100 से अधिक यात्री बसें आती जाती है।

### पिपरिया का सबसे अधिक किराया

बरेली से निकटतम रेल्वे स्टेशन पिपरिया है। सबसे अधिक यात्री बसें इसी मार्ग पर चलती है। बरेली से पिपरिया की दूरी लगभग 40 कि.मी. है। जबकि किराया 60 रू. वसूला जाता है। बरेली से भोपाल की दूरी 120 कि.मी. और सामान्यतः किराया 150 रू. वसूला जाता है। जो चल रही प्रति स्पधा के कारण अब मात्र 80 रू. प्रति यात्री, लिया जाने लगा है। स्थानों की दूरी और निर्धारित किराये की सूची बस स्टेण्ड पर स्थान-स्थान पर यात्रियों को सुविधा के लिए सार्वजनिक किए जाने की पुरजोर मांग बनी हुई है। जिससे यात्रियों का आर्थिक शोषण बंद हो सके।

## जिले में लगभग 2 हजार लोग चिंहित जो गरीबों का निगल रहे थे निवाला

# आमदनी 15 लाख, फिर भी 'राशन कार्ड' से ले रहे थे राशन, विभाग ने मांगा जबाव

सालों से गरीबों का हक मारकर राशन ले रहे अपात्र हितग्राहियों के नाम जल्द ही सूची से बाहर किए जाएंगे। इनके लिए विभाग ने नोटिस उनके घर पर भेजे है, जिसमें स्पष्टीकरण जल्द ही देने को कहा है। ऐसे पात्रों की संख्या विभागीय अधिकारियों ने करीब दो हजार बताई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ऐसे अमीरों के नाम काटने जा रहा है जिनकी सालाना इनकम 6 लाख रुपए से भी ज्यादा थी। जो हवेली, ट्रैक्टर ट्राली जीप और जमीनों के मालिक थे। ऐसे हितग्राही सालों से गरीबों के हक पर डाका डाल रहे थे। जिम्मेदार विभाग ने ऐसे करीब 2000 लोगों को पोर्टल पर चिन्हित करने के बाद नाम काटने की तैयारी में जुटा हुआ है। जिन्हें नोटिस थमाकर जवाब भी मांगा गया है।

इसके अलावा ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्ण नहीं करने पर जिले में करीब 66 हजार गरीब हितग्राहियों के नाम काटने की भी तैयारी में है।

### जवाब मांगने जिला खाद्य विभाग ने हितग्राही के घर-घर नोटिस भेजा




### केवायसी नहीं होने पर 1912 लोगों का रोका राशन

विभागीय आंकड़ों के अनुसार पहले जिले में 11 लाख 81 हजार 297 लोग राशन ले रहे थे, जबकि फिलहाल 10 लाख 60 हजार 547 पात्र हितग्राही ही वितरण सूची में बचे हैं। 1912 सदस्य ऐसे हैं जिनकी ई-केवाइसी नहीं हुई है, इसलिए जून से उनका राशन वितरण रोक दिया है। जिले में कई ऐसे लोग सामने आए हैं, जो खुद लखपति और करोड़पति हैं, बड़ी कंपनियों में मोटे पैकेज पर कार्यरत हैं, यहां तक कि 15 से 20 लाख तक का आय कर भरते हैं। फिर भी गरीबों का हक मारते हुए सस्ता राशन ले रहे थे। ये 'अमीर हितग्राही' अब प्रशासन के निशाने पर आ गए हैं।

### 66 हजार से अधिक हितग्राहियों के नाम काटे जाने की तैयारी

ई-केवाईसी की प्रक्रिया में सिर्फ यही नहीं, करीब 33,698 हितग्राहियों के नाम राशन सूची से हटाए गए। इनमें डबल एंट्री, मृतक के नाम, विवाह के बाद भी मायके में नाम बने रहना, बच्चों के नाम दोहराव जैसी गड़बड़ियां सामने आईं। इन सभी की पात्रता समाप्त कर दी गई है। इसका सीधा असर ये होगा कि हर माह शासन के करीब 33 लाख रुपए बचेंगे। ई-केवाईसी होने के बाद इस गड़बड़ी का पर्दाफाश हुआ। जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की पड़ताल में सामने आया कि 1912 ऐसे सदस्य योजना का लाभ ले रहे थे, जो किसी कंपनी में संचालक, डायरेक्टर, जनरल मैनेजर या मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। इनमें से 302 कंपनी संचालक हैं। वहीं 2125 हितग्राही ऐसे हैं, जिनकी वार्षिक आय 6 लाख रुपये से ज्यादा है।

### कार्रवाई की तैयारी

लगभग 66 हजार ऐसे हितग्राहियों के नाम सूची काटे गए हैं, जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराई। करीब 2000 के नाम चिन्हित किए गए हैं जिनकी आमदनी 6 लाख रुपये से ज्यादा रूपये है। साथ ही जो 10-15 लाख रुपए का जीएसटी फाइल करते हैं।

**- राजू काटोलकर,** जिला खादय आपूर्ति अधिकारी।

**पात्रता के नियम स्पष्ट**

फूड विभाग के नियम कहते हैं गरीब वही है जो गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन यापन गुजर बसर कर रहे हैं। मजदूरी कार्ड धारक, दिव्यांग या विशेष वर्ग के लोग हैं। जिनकी आय 6 लाख रुपए से कम है, लेकिन हाल ही में शासन के आदेश के बाद जिला खाद्य विभाग द्वारा पोर्टल पर जांच पड़ताल की गई तो करीब 2000 ऐसे अमीर हितग्राही निकले जो सालों से गरीबों के खाद्यान्न का हक मार रहे थे। इनमें कई अधिकारी कर्मचारी शामिल है। कंपनी मालिक मैनेजर और उच्च आय वर्ग के लोग बीपीएल सूची में शामिल हैं।

### ईकेवाईसी नहीं होने पर उपभोक्ताओं का राशन बंद

जिला प्रशासन के विभिन्न प्रयासों के बाद भी राशन दुकानों पर दर्ज उपभोक्ताओं की ई केवाईसी 3 सालों में नहीं हो पाई है। इस कारण इन सरकारी राशन की काला बाजारी हो रही है। इन अनियमितताओं को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किए और राशन दुकानों की जांच की गई, लेकिन उपभोक्ताओं की ई केवाईसी शत प्रतिशत नहीं कर पाए हैं। बताया कि सरकार कार्ड धारकों की ई केवाईसी प्रक्रिया करा रही थी। जिले में 9 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को राशन वितरण होता है। जबकि 66 हजार उपभोक्ताओं की राशन दुकानों से ई-केवायासी नहीं होने पर इन उपभोक्ताओं को राशन देना भी बंद कर दिया गया है।

जिले की तहसीलों में संचालित हो रही इन राशन दुकानों पर दर्ज उपभोक्ताओं की ई केवाईसी 3 सालों से विभाग द्वारा कराई जा रही थी। एसडीएम, कनिष्ठ खाद्य अधिकारी और अन्य अधिकारियों द्वारा बैठकें आयोजित की जा रही है, लेकिन ई केवाईसी पूर्ण नहीं हो पाई है।

## जिला स्तरीय फ्लोरोसिस दंत परीक्षण शिविर हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. एचएन मांड्रे के मार्गदर्शन में उदयपुरा के फ्लोराइड प्रभावित ग्राम गोरखपुर, डुंगरिया जागीर एवं कुकरा के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों एवं हॉस्टल में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया।

शिविर की टीम में डॉ एमडी भारती जिला फ्लोरोसिस नोडल अधिकारी एवं बीएमओ डॉ महेंद्र सिंह धाकड़ एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम टीम के डॉ रफिया सुल्तान के साथ संयुक्त रूप से टीम द्वारा बच्चों का फ्लोरोसिस परीक्षण किया। जिसमें कई बच्चे संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से ग्रसित मिले जो बच्चे प्रभावित मिले उनका यूरीन सैंपल टेक्नीशियन डेनिस जार्ज के द्वारा लिया, जो बच्चे जिस जलस्त्रोत का पानी पी रहे हैं। उनके पानी का सैंपल लिया गया, जिनकी जांच जिला फ्लोरोसिस लैब जिला चिकित्सालय में की जाएगी। साथ ही प्रभावित बच्चों को चिहिंत कर उपचार के रूप में टीम द्वारा कैल्शियम विटामिन सी एवं मल्टीविटामिन की दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

इसके साथ ही डॉ भारती के द्वारा ग्रामीणों एवं स्कूल शिक्षकों तथा बच्चों को विस्तार से फ्लोरोसिस बीमारी के बारे में पेंपलेट पोस्टर के माध्यम से बताकर जागरूक किया। छात्र छात्राओं के दांतों की फ्लोरोसिस बीमारी से बचने के उपाय बताए गए।

## पर्युषण पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म का पालन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



रविवार को ग्राम के भवानी चौक पर स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पर्यूषण पर्व के चौथे दिन व्रतियों ने उत्तम शौच धर्म का पालन करते हुए आत्मा को शुद्ध करके जितना मिला उसमें खुश रहने की प्रवृत्ति को अंगीकार किया। दस लक्षण पर्व पर नगर के सभी प्रमुख जैन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। कई प्रकार से पूजा अर्चना और विधान किए जा रहे हैं। उत्तम शौच धर्म का पालन करने के साथ ही श्रद्धालुओं ने थाल सजाकर पूजा अर्चना की।

शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर दीवानगंज में सुबह के समय बड़ी संख्या में दसलक्षण व्रत का पालन कर रहे श्रद्धालुओं ने पहुंचकर विशेष चौकियों पर पूजा अर्चना और विधान किया।

मंदिर में सबसे पहले विधान संजय जैन, संगीता जैन ने किया दूसरा विधान महेश जैन, अजय जैन द्वारा किया। इस दौरान पुजारी सुरेश जैन, संजय जैन, संगीता जैन, महेश जैन, अजय जैन, विजय जैन, महेश जैन, सुनील जैन, राजकुमार जैन, ऋषभ जैन आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार झरने से नहाकर लौट रही बालिका को रास्ते में आरोपी रघुवीर धानक ने रोका और उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। घटना से सहमी बालिका ने घर पहुंचकर अपने माता-पिता को पूरी जानकारी दी। परिजन तुरंत बालिका को लेकर सलामतपुर थाने पहुंचे। थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर रविवार दोपहर 1 बजे आरोपी रघुवीर धानक निवासी झुंडखोह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### रघुवंशी क्षत्रिय युवा इकाई के जिलाध्यक्ष बने सतेंद्र

**सिलवानी।** रघुवंशी क्षत्रिय युवा इकाई का गठन करने बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व समति से युवा समाजसेवी, सक्रिय कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सिमरिया तहसील उदयपुरा के सरंपच पटेल सतेंद्र सिंह रघुवंशी को युवा इकाई का सर्व सहमति से अध्यक्ष नियुक्त किया। जबकि अभिषेक रघुवंशी को कार्यकारी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के प्रारंभ में श्रीराम दरबार के चित्र की पूजा अर्चना की गई। जिला पदाधिकारी निर्वाचित होने पर समाजजनों ने शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नदी में मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत

**सलामतपुर।** सतधारा नदी में मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नारायण आदिवासी पिता टुंडा आदिवादी उम्र 28 निवासी राजीवनगर सलामतपुर शनिवार को सुबह करीब दस बजे घर से मछली पकड़ने का बोलकर सतधारा नदी के लिए निकला था। जब शाम तक घर वापस नही पहुंचा तो परिजन सतधारा नदी पर नारायण को ढूंढने के लिए पहुंचे। दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद परिजनों को नारायण का शव सतधारा स्तूप के नीचे नदी में तैरता हुआ मिला। परिजनों ने तत्काल शव को नदी से बाहर निकालकर सलामतपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी तत्काल पुलिस अमले के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और नारायण आदिवासी का शव सांची के मर्चुरी रूम में रखवा दिया। रविवार को सुबह सांची सिविल अस्पताल में शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## सिलवानी-बरेली हाईवे पर सांईखेड़ा के पास पुलिया हुई जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

स्टेट हाईवे 15 पर सिलवानी-बरेली मार्ग स्थित सांईखेड़ा पेट्रोल पंप के समीप बनी पुलिया पिछले एक दशक से अधिक समय से जर्जर अवस्था में है। इस पुलिया की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब यह आए आवागमन में परेशानी का कारण बन रही है।

स्थानीय लोगों की माने तो यह पुलिया अंदर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे इसके कभी भी ढहने का खतरा बना रहता है। पिछले वर्षों में इस पुलिया की कई बार मरम्मत कराई गई, लेकिन हर बार यह काम केवल ऊपर से



लीपापोती तक सीमित रह गया। संरचनात्मक दृष्टि से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिस कारण यह पुलिया अब पूरी तरह जर्जर अवस्था में चुके हैं। वहीं छोटी-मोटी दुर्घटनाएं तो यहां रोजमर्रा की बात हो चुकी हैं। बाइक सवार, स्कूली वाहन और छोटे चारपहिया वाहन आए दिन इस पुलिया पर फिसलते या फंसते नजर आते हैं।

### जनप्रतिनिधियों-प्रशासन की उदासीनता

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हर बार केवल आश्वासन मिलता है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं होती। इससे लोगों में नाराजगी और रोष व्याप्त है।

### समाधान की मांग

*स्थानीय लोगों ने शासन और एमपीआरडीसी से मांग की है कि इस पुलिया की केवल मरम्मत न की जाए, बल्कि इसका संपूर्ण पुनर्निर्माण किया जाए ताकि यह सड़क मार्ग सुरक्षित और निर्बाध बन सके। आने वाले दिनों में यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीण सुनील कुमार, ब्रजेश, पप्पू सिंह, मोहन लाल आदि ग्रामीणो ने पुलिया की मरम्मत या नव निर्माण कराने की मांग की हैं।*

## 40 साल सेवा देकर निवृत्त हुए शिक्षक शहजाद खान को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

एकीकृत शासकीय स्कूल बारला में 40 वर्ष 5 माह तक पदस्थ रहे सहायक शिक्षक शहजाद खान जो कि विगत 30 अगस्त को सेवा निवृत्त हो गए हैं, इस उपलक्ष में ग्राम वारला में उनके सेवा निवृत्त होने के उपलक्ष में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के लोग एवं उनके मित्रजन एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी शिक्षक वर्ग के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस अवसर पर सहायक शिक्षक श्री खान के सराहनीय योगदान के लिए सभी ने उनकी सराहना करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए उनका स्वागत किया। सहायक शिक्षक के रूप में उन्होंने ग्राम वारला में रहकर राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारे की मिसाल को पेश करते हुए ग्रामीणों का मन जीत



लिया। उनके सेवा निवृत्त होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र छात्राएं भावुक नजर आ रहे थे ।

सहायक शिक्षक शहजाद खान ने सभी ग्राम बारला के रहवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम के लोगों का मुझे हमेशा सहयोग मिला है और जो उन्होंने प्रेम और स्नेह उन्होंने मुझे इतने वर्षों तक दिया उसे में कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि भले ही वह सेवा निवृत्त हो गए हो इसके बाद भी ग्राम बारला में आते रहेंगे, उनका ग्रामीण जनों एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा पुष्प हार से स्वागत किया गया।

इसके पश्चात सामूहिक सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## धूमधाम से मनाया श्रीराधारानी का जन्मोत्सव गाजेबाजों के बीच नगर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बाड़ी

रविवार को श्रीराधा जन्मोत्सव समिति बाड़ी के तत्वावधान में श्रीबालाजी मंदिर से गाजेबाजों से शुरू हुई। जो बाड़ी नगरी के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस वल्लभाचार्य मंदिर बाड़ी खुर्द पहुंची। शोभयात्रा का धर्मप्रेमी लोगों द्वारा जगह-जगह आरती, पूजन कर फूलों की बरसा कर स्वागत किया।

शोभायात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं हुई। वृंदावन के कलाकारों द्वारा समूह नृत्य, महारास लीला की जोरदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया।

शोभायात्रा में बाड़ी नगरी सहित आसपास के गांव जिलों से शामिल हुए। माखन मटकी प्रतियोगिता में मनोज राय सिख सिंधी केम्प ने





पुरस्कार जीता। चल समारोह में राधाकृष्ण मंच जिलाध्यक्ष मुकुल यादव, गौरीशंकर यादव, चंदर यादव, भगवानदास पाल, ब्रजेश पाल, प्रदीप यादव, उतराक्ष सिंह गुर्जर, संजना कसाना, पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, अनिल ठाकुर, सुप्यार सिंह, मनीष ठाकुर शामिल हुए। शोभायात्रा के बाद नगर भंडारा आयोजित किया।

### महलपुर पाठा में मनाया राधारानी का जन्मोत्सव हवन पूजन में शामिल हुए विधायक डॉ चौधरी

**रायसेन।** श्रीराधा अष्टमी पर महलपुरपाठा मंदिर में श्री राधारानी का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। मंदिर समिति और ग्रामीणों द्वारा यह आयोजन किया, जिसमें विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने शामिल होकर हवन पूजन और आरती में हिस्सा लिया एवं राधारानी के जन्मोत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम में महंत अमृतदास महाराज, पुजारी पं दामोदर व्यास, सुनील गौरे, वीर सिंह पटेल, ब्रजेश चतुर्वेदी, वीरेंद्र लोधी, राजेश व्यास, जगदीश अहिरवार, अखलेश किरार, रविन्द्र यागिक, ऋषिराज धाकड़ उपस्थित रहे।

## गणेश उत्सव की धूम, भक्ति और भव्यता का अद्भुत संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में गणेश उत्सव की भव्यता अपने चरम पर है। चारों ओर भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। रंग बिरंगी रोशनियों से सजे इन पंडालों की झलकियां श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। नगर के प्रमुख चौराहों और गलियों में स्थापित झांकियां श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### पुलिस लाईन से प्रारंभ हुई रैली का कलेक्टर-एसपी ने किया रैली का नेतृत्व

## खेल उत्सव के अंतिम दिन 'संडे ऑन साइकिल' रैली का आयोजन

◆ कलेक्टर ने कहा सप्ताह में एक घंटे चलाएं साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय रायसेन में हॉकी के सर्वकालीन महान खिलाड़ी पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत आयोजित तीन दिवस खेल उत्सव के अंतिम दिवस "संडे ऑन साइकिल" रैली का आयोजन किया गया। पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर खेल स्टेडियम तक आयोजित इस साईकिल रैली का नेतृत्व कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा एसपी पंकज कुमार पाण्डे द्वारा किया गया। रैली में अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई।

रैली के समापन पर कलेक्टर ने नागरिकों से आव्हान किया कि वह भी सप्ताह में एक घंटे साईकिल चलाएं जिससे पर्यावरण स्वच्छ



रहता है। इसी तरह एसपी श्री पाण्डे ने कहा कि भारत सरकार की टेगलाइन 'एक घंटा खेल के मैदान में' अनुसार सप्ताह में एक घंटे साइकिल चलाना चाहिए जिससे शारीरिक रूप से स्वाथ्य बने रहे।

साइकिल रैली के समापन अवसर पर जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जलज चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन कविता डामोर सहित खेल शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रानी दुर्गावति छात्रावास की छात्रा ने मैराथन दौड़ में प्राप्त किया तृतीय स्थान




**रायसेन।** शहर के गोपालपुर स्थित रानी दुर्गावती अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास की कक्षा आठवीं की बहन लतिका भल्लावी ने मिनी मेराथन दोड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा को पुरस्कार राशि 1100 रुपए विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पूर्व मंत्री रामपाल राजपूत, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### संभागीय हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**बाड़ी।** नगर के बेरसेवा इंटरनेशनल स्कूल में 69वी संभागीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि बीईओ दुर्गेश नामदेव, बीआरसी आरसी राजपूत, अरविंद जरारिया, बाड़ी ब्लॉक समन्वयक शशि रघुवंशी, अविनाश निगम, संजय बाबर उपस्थित रहे। हैंडबॉल प्रतियोगिता में 14वर्ष बालक/ बालिका एवं 19 वर्ष बालक/ बालिकाओं ने पांचों जिलों के 320 खिलाड़ियों ने अपने जिले प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बेरसेवा इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य तरन्नुम वरसी ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बेरसेवा परिवार एवं खेल शिक्षक भगवान सिंह धाकड़, विवेक तिवारी, प्रकाश राय, धर्मेंद्र धाकड़, राहुल धाकड़, शिवम धाकड़ राजेश ठाकुर, सुमित मांझी, संदीप कुमार, कपिल मांझी का सहयोग रहा।

